**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**26.10.2025/प्रादेशिक समाचार/9.20 बजे**

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी व दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

.......................................................

**प्रदर्शनी**

हथकरघा कारीगरों को प्रोत्साहित करने व उनके उत्पादों को बाजार देने के मकसद से शिमला की रिज मैदान में केन्द्र सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा 30 अक्तूबर तक 'सुत संगम' हैंडलूम एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 18 राज्यों के हथकरघा कारीगरों के 70 स्टॉल लगाए गए हैं। प्रदर्शनी में 15 राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हथकरघा कारीगरी हिस्सा ले रहे हैं। हैंडलूम एक्सपो में हिमाचल प्रदेश के हथकरघा उत्पादों की अलावा दूसरे राज्यों के उत्पाद भी खासे आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। जीएसटी में छूट का भी हथकरघा कारीगरों को काफी लाभ हुआ है।

*अंशुल मल्होत्रा है और मैं हिमाचल प्रदेश मंडी से बिलोग करती हूं कृष्णा वूल मेरी ऑर्गेनाइजेशन का नाम है और मैं नारी शक्ति अवार्ड हूं 2022 कि हम लोग एक्चुअली हिमाचली सोंग्स को पुराने डिजाइंस को रिवाइव और कंजर्व करके 12 कर रहे हैं अगर आप पीछे मेरे बैकग्राउंड में देखेंगे तो यह सारा किन्नौरी शॉल और हिमाचली शॉल देन जो प्योर वूल पर बनी है और एक हड्डियों पर बनी है सबसे पहले तो जो डिजाइन सेंटर जो हमारा मिनिस्ट्री ऑफ़ टेक्सटाइल है उनका थैंक्स करुंगी कि हम सब एडिशंस को एक बहुत अच्छा प्लेटफार्म दिया मेरा थबिना मणिपुर हैंडलूप है बॉम्बे और चेन्नई तो यहां शिमला में बहुत अच्छा है यह कपड़ा तो यहां पर कम है हमारे मणीपुर का साड़ी तो बहुत है दुपटा, वेस्ट कोस्ट।*

.......................................................

**बिजली बिल**

बिजली बिल न चुकाने उपभोक्ताओं के खिलाफ राज्य विद्युत बोर्ड सख्त हो गया है। चंबा जिला में बिजली बिल का भुगतान न करने के लिए 317 बिजली उपभोक्ताओं बिजली कनेक्शन अस्थायी रूप से काटने के निर्देश जारी किए गए हैं। इनसे करीब साढ़े 4 लाख रुपए की वसूली विभाग ने करनी है। विद्युत विभाग चम्बा के सहायक अभियंता अजय कुमार ने बताया कि विद्युत उपमंडल नम्बर–2 के तहत 317 उपभोक्ता ऐसे हैं जिन्होंने लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है।

***विद्युत विभाग चम्बा के सहायक अभियंता अजय कुमार के अनुसार विद्युत उपमंडल नम्बर –2 के तहत 317 उपभोक्ता ऐसे हैं जिन्होंने लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है। इनसे विभाग ने करीब 4 लाख 45 हजार रुपए की धनराशि वसूल करनी हैं। इन उपभोक्ताओं के बिजली***

*कनेक्शन अस्थायी रूप से काटने के संबंधित जे ई को आदेश दे दिए गए हैं। अजय ने बताया कि इससे पहले इसी माह 1204 ऐसे उपभोक्ता जिन्होंने लंबे समय से बिजली बिल जमा नहीं करवाया था उन्हें नोटिस जारी किए गए थे, जिनसे विभाग ने 30 लाख 38 हजार की रिकवरी करनी थी। नोटिस जारी होने के बाद 887 उपभक्ताओं ने अपना बिजली का बिल जमा करवा दिया है जिनसे करीब 25 लाख 50 हजार के करीब राशि रिकवर कर ली है। जिन 317 उपभोक्ताओं ने नोटिस जारी होने के बाद भी अपना बिल जमा नहीं करवाया है उनके कनेक्शन अस्थायी रूप से काटने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि अपना बिजली का बिल समय पर जमा करवाएं ताकि किसी भी परेशानी से बचा जा सके।*

..........................................................

<u>मंत्रिमंडल</u>

प्रदेश मंत्रिमंडल ने पूरे प्रदेश में आपदा राहत पैकेज लागू करने का निर्णय लिया है। राज्य मंत्रिमंडल की कल शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में ये निर्णय लिया गया। अभी तक ये राहत राशि मंडी जिले के लिए लागू थी लेकिन अब पूरे प्रदेश में उन लोगों को राहत दी जाएगी जिनके मकान आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुए हैं। मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों में जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि जिन लोगों के मकान पूरी तरह नष्ट हुए हैं उन्हें चार लाख रूपए की पहली किश्त दी जाएगी जबकि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए डेढ़ लाख रूपए एकमुश्त दिए जाएंगे।

..........................................................

**और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........**

आज समाचार पत्रों प्रदेश मंत्रिमंडल के बैठक से जुड़ी ख़बर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–**पंचायतों को होगा पुनर्गठन; मेयर का कार्यकाल अब पांच साल, आपदा प्रभावितों को पहली किश्त में चार लाख।** पंजाब केसरी व दैनिक भास्कर का एक जैसा शीर्षक है–**पुनर्गठन प्रक्रिया पूरी होने के बाद होंगे पंचायत चुनाव, पूरे प्रदेश को मिलेगा विशेष राहत पैकेज।** दैनिक जागरण लिखता है–**महापौर–उपमहापौर का कार्यकाल पांच साल, पंचायतों के पुनर्गठन को मंजूरी।**

दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–**हिमाचल में 7 सौ 32 नई सरकारी नौकरियां–मंत्रिमंडल की बैठक में अहम फैसले, सहायक स्टाफ नर्स के 400, जेओए के 300 पद भरेंगे।**

मौसम पर आपका फैसला के शब्द हैं–**हिमाचल में फिर से बिगड़ सकता है मौसम, सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ।**

..........................................................